संख्या-6/2016/389/63-व0उ0-2016-168(एच)/2015

प्रेषक,

हरिशंकर भट्ट,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 15 मार्च, 2016**

विषय:- पावरलूम बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के पत्र संख्या-अ0शा0 पत्र संख्या-576/पीएसडीएफ/2015, दिनांक 01.09.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में पावरलूम बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति की मद में उपलब्ध धनराशि **रू0 150 करोड़ (रूपया एक अरब, पचास करोड़ मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा। उक्त धनराशि का उपभोग ऊर्जा अनुभाग-3 द्वारा पूर्व निर्गत शासनादेश संख्या-1969/24-पी-3-2006, दिनांक 14.06.2006 में निहित शर्तों के अनुसार किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करके 01 माह में शासन के सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, 14-अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ का होगा।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि **रू0 150 करोड़ (रूपया एक अरब, पचास करोड़ मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-6 (आयोजनेत्तर) के अधीन लेखाशीर्षक-"2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-108-बिजली करघा उद्योग-04-पावरलूम बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति-27-सब्सिडी" के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या-ई-6-107/दस-16, दिनांक 01.03.2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(हरिशंकर भट्ट)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-389(1)/63-व0उ0-2016-168(एच)/2015, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, 14-अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
3- प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, 14-अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
5- निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, अशोग मार्ग, लखनऊ।
6- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
7- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।
8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त (बजट) अनुभाग-4/नियोजन अनुभाग-4
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरिशंकर भट्ट)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in